पत्र संख्या-स्था-1-चल-अचल सम्पत्ति / 2021-22/ 908 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक :: 06/07/2021

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 / ग्रेड-2, वाणिज्य कर उ0प्र0 ।
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर / डिप्टी कमिश्नर /
असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ।
समस्त वाणिज्य कर अधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
समस्त संयुक्त निदेशक / उप निदेशक / सांख्यिकीय अधिकारी /
एवं अपर सांख्यकीय अधिकारी, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

कृपया शासन के कार्मिक अनुभाग-1 के पत्र संख्या-9/1/1973-कार्मिक-1, दिनांक 24-10-1978 तथा पत्र संख्या-13/18/1985-कार्मिक-1, दिनांक 15-07-1985 के क्रम में मुख्यालय के पत्र संख्या 11 दिनांक 02-04-2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके क्रम में मुख्यालय के पत्र संख्या 15, दिनांक 01-04-2021 से वाणिज्य कर विभाग के अन्तर्गत कार्यरत समस्त अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2020-21 के चल/अचल सम्पत्ति की घोषणा दिनांक 30-04-2021 तक आनलाईन अपलोड करने पुनः मुख्यालय के पत्र संख्या 221, दिनांक 05-05-2021 द्वारा चल-अचल सम्पत्ति विवरण अपलोड करने की अंतिम तिथि 31-05-2021 तथा वार्षिक कार्य विवरण अपलोड करने की अन्तिम तिथि 30-06-2021 को बढाये जाने एवं मुख्यालय के पत्र संख्या 553, दिनांक 09-06-2021 द्वारा पुनः चल अचल सम्पत्ति विवरण अपलोड करने की अंतिम तिथि 30-06-2021 तथा वार्षिक कार्य विवरण आनलाईन अपलोड करने की तिथि 31-07-2021 किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये थे।

उक्त के सम्बन्ध में प्रायः यह देखा गया है कि कई अधिकारियों के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये है जो ई0आई0एम0एस0 माडयूल में सम्पत्ति विवरण किन्ही तकनीकी कारणों से दर्ज नहीं कर पाये हैं। अतः इस सम्बन्ध में चल-अचल सम्पत्ति विवरण का प्रारूप जिसे अपलोड करने की अंतिम तिथि पूर्व में दिनांक 30-06-2021 निर्धारित की गयी थी को दिनांक 15-07-2021 तक बढाया जाता है। वार्षिक कार्य विवरण आनलाईन अपलोड किये जाने की तिथि 31-07-2021 यथावत रहेगी। यह पत्र कमिश्नर वाणिज्य कर के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

(शिशिर प्रकाश)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्था0 राज0) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-

1- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।
2- कम्पयूटर आपरेटर स्थापना राजपत्रित अनुभाग।

ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्था0 राज0) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश लखनऊ।